Roll No. ....................

# 506

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2019–20

## [7202-A]

# HINDI (General)

## हिन्दी सामान्य

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

---

*निर्देश –*

*(1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

*(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 5X1=5 अंक निर्धारित हैं। कुल 1X5X5=25 अंक हैं।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 से 75 शब्द है।*

*(5) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 से 120 शब्द है।*

*(6) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 से 150 शब्द है।*

*(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा लगभग 200 से 250 शब्द निर्धारित है। खण्ड – 'अ' के लिए 7 अंक तथा खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक इस प्रकार कुल 10 अंक निर्धारित हैं।*



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्र.1 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए – (5X1=5)

(i) 'देवताओं का अंचल' कहा गया है –

(अ) कुल्लू (ब) जयपुर

(स) देवास (द) कानपुर

(ii) "हे केशव! मेरे रथ को दोनों सेनाओं के बीच में खड़ा कर दीजिए।" यह कथन है –

(अ) युधिष्ठिर का (ब) कृष्ण का

(स) अर्जुन का (द) धृतराष्ट्र का

(iii) "ऋतु वर्णन" कविता में 'वसन्त ऋतु' के अलावा वर्णन है –

(अ) पतझड़ का (ब) शरद ऋतु का

(स) श्रावण ऋतु का (द) ग्रीष्म ऋतु का

(iv) 'अनुक्रम' में 'अनु' शब्द है –

(अ) देशज (ब) विदेशी

(स) उपसर्ग (द) प्रत्यय

(v) 'जाग्रति' की सही वर्तनी है –

(अ) जागृति (ब) जार्गति

(स) जाग्रर्ति (द) जागर्ति

प्र.2 निम्नलिखित में से उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (5X1=5)

(i) ........................................................मेवाड़ राज्य के मंत्री एवं दीवान थे। (भामाशाह / चाणक्य)

(ii) कबीर ने मिट्टी और ..............................................के रूपकों से जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत किया है। (कुम्हार / बढ़ई)

(iii) शिक्षक अपने विद्यार्थी के लिए ..............................................बन सकता है। (किनारा / सेतु)

(iv) अपना ..........................सीधा करना एक मुहावरा है। (हाथी / उल्लू)

(v) मस्तक का तद्भव शब्द ....................................है। (माथा / सर)



https://www.evidyarthi.in/

प्र.3 निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – (5X1=5)

(i) अजय की इच्छा थी, जोंली खाना खा ले, तब सोएं।

(ii) 'शिवमंगल सिंह सुमन' के अनुसार जीवन महासंग्राम है।

(iii) 'बालिका का परिचय' वीर रस की कविता है।

(iv) 'मात्र केवल महिलाओं के लिए।', यह शुद्ध कथन है।

(v) 'नीचे लिखा हुआ' कथन निम्नलिखित कहलाता है।

प्र.4 निम्नलिखित कथनों का मिलान कर सही जोड़ी लिखिए – (5X1=5)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | बुढ़ापा बहुधा | (अ) | इतिवृत्तात्मकता |
| (ii) | निज भाषा की उन्नति | (ब) | सेवक |
| (iii) | शिशुपाल | (स) | उदयाचल |
| (iv) | अरुण | (द) | भारतेन्दु हरिशचन्द्र |
| (v) | द्विवेदी युग | (इ) | बचपन का पुनरागमन |
| | | (ई) | न्यायमंत्री |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द /एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (5X1=5)

(i) बूढ़ी काकी किसके पास रहती थी?

(ii) सैल्यूकस कहाँ का राजा था?

(iii) किस कवि ने बार–बार गोकुल में ही जन्म लेने की इच्छा प्रकट की है?

(iv) 'मेरे को पुस्तक दो' शुद्ध वाक्य के रूप में लिखिए।

(v) 'उपस्थित' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.6 कुसंग का ज्वर सबसे भयानक क्यों होता है? (2)

**अथवा**

फोन के रिसीवर में दो भाग कौन–कौन से होते है?

प्र.7 रोहतांग की जोत पर कौन सा कुंड है, एवं किस मुनि का स्थान है? (2)

**अथवा**

बूढ़ी काकी पूड़ियों के बारे में क्या–क्या कल्पना कर रही थीं?

प्र.8 भक्तिकाल को चार्ट द्वारा चित्रित कीजिए। (2)

**अथवा**

रीतिकाल की काव्य धाराओं के नाम लिखिए।

प्र.9 कहानी के कितने तत्व होते हैं? नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

आधुनिक काल के कोई दो गुणों के नाम लिखिए।

प्र.10 'आवट' तथा 'आई' प्रत्यय लगाकर दो–दो शब्द बनाइये। (2)

**अथवा**

'परा' तथा 'सु' उपसर्ग लगाकर दो–दो शब्द बनाइये।

प्र.11 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– (2)

कमल, पृथ्वी

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

आकर्षण, अपेक्षा, दुराचारी, भद्र

प्र.12 देशज शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए–

कर, अंक



https://www.evidyarthi.in/

प्र.13 निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए– (2)

आग, आसरा, कौआ, आँसू

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए–

भक्षिका, ग्राम, दधि, वाष्प

प्र.14 वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए– (2)

(i) ईश्वर में विश्वास करने वाला।

(ii) छात्रों के रहने का स्थान।

**अथवा**

वाक्यों को शुद्ध कर के लिखिए–

(i) हम भोजन खाते हैं।

(ii) भैंस का ताकतवर दूध होता है।

प्र.15 शुद्ध वर्तनी लिखिए– (2)

राजग्रह, मूरति, परिक्षा, खिलारी।

**अथवा**

'मुँह में पानी आना' तथा 'दिन फिरना' मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

प्र.16 कवि सोहनलाल द्विवेदी ने प्रगति का मूलमंत्र किसे बताया है? लिखिए। (3)

**अथवा**

सुभद्रा कुमारी चौहान ने बेटी की तुलना किस–किस से की है?

प्र.17 कवि डॉ. देवेन्द्र दीपक ने 'धनुष की प्रत्यंचा' कविता में किसके औदात्य पक्ष को गंभीरता से प्रस्तुत किया है? (3)

**अथवा**

मिट्टी किस प्रकार चिन्मयी शक्ति बन जाती है?



https://www.evidyarthi.in/

प्र.18 कबीर के अनुसार नदी और वृक्ष से हमें क्या शिक्षा मिलती है? (3)

**अथवा**

कृष्ण को गिरधारी क्यों कहा जाता है?

प्र.19 ऊनी कपड़ों के लिए बढ़िया लांड्री किसे कहा गया है? (3)

**अथवा**

न्यायमंत्री ने महाराज को दण्ड किस तरह दिया?

प्र.20 महाराणा प्रताप ने अकबर को संधि पत्र क्यों भेजा? (3)

**अथवा**

हम सुख – दु:ख के बन्धन से कैसे मुक्त हो सकते हैं?

प्र.21 अच्छे मित्र की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

**अथवा**

लिफाफे में कोरा कागज भेजकर पत्र व्यवहार किस प्रकार के लोगों से किया जाता है?

प्र.22 कवि रसखान के अनुसार धूल में लिपटे बालक कृष्ण के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए। (4)

**अथवा**

माँ के आँसू देखकर शहीदों ने किस पथ को अपनाया?

प्र.23 डॉ. बसु भारत को ही अपना कार्य क्षेत्र क्यों बनाना चाहते थे? लिखिए। (4)

**अथवा**

गुणवंती के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए– (4)

" रात गँवाई सोय करि, दिविस गँवायो खाय।

हीरा जनम अमोल था, कौड़ी बदले जाय।"



https://www.evidyarthi.in/

**अथवा**

मैं नींव बन नीचे रहूँगा
लेकिन तुम सीढ़ियां चढ़ना,
हर दिवस बढ़ना
हर रात बढ़ना,
आसमान छूना।
तुम रुकोगे
तो नींव में गड़ी–गड़ी
मेरी अस्थियों में दर्द होगा।

प्र.25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (5)

नया वर्ष हमारे भीतर आशा की लौं जगाए, हमारे लिए खुशियों की सौगात लाए। लेकिन यह अनायास नहीं होगा। इसके लिए हमें कुछ प्रयास करने पड़ेंगे। अगर हम चाहते है कि नया वर्ष हमारे लिए शुभ हो, मंगलमय हो, हमारे अन्दर नई ऊर्जा भरे ताकि हम काफी ऊँचाई तक उड़ सकें, तो हमें कुछ संकल्प लेने होंगे और इनका ईमानदारी से पालन करना होगा। एक संकल्प तो यह हो कि हम अपने शरीर को स्वस्थ रखेंगे। हम बीमार नहीं पड़ेंगे। 'एक तंदुरुस्ती हजार नियामत।' यह तभी हो सकता है जब हम नियमित रूप से व्यायाम करेंगे। नवीनतम शोधों से यह सिद्ध हो गया है कि व्यायाम के सहारे उम्र की घड़ी 10 से 25 वर्ष तक पीछे लौटाई जा सकती है। व्यायाम शरीर को चुस्त व दुरुस्त बनाए रखता है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ii) व्यायाम शरीर को कैसा बनाए रखता है?
(iii) हमारा एक संकल्प स्वयं के लिए क्या होगा?
(iv) व्यायाम का उम्र के सम्बन्ध में क्या कथन है?



https://www.evidyarthi.in/

प्र.26 पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (5)

यह जीवन क्या है? निर्झर है ;
मस्ती ही इसका पानी है।
सुख–दुख के दोनों तीरों से ;
चल रहा राह मनमानी है।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) यह जीवन क्या है?

(iii) उपर्युक्त पद का भावार्थ लिखिए।

प्र.27 शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

जन्मदिन की बधाई देते हुए मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– (7)

(i) जल है, तो कल है

(ii) पर्यावरण प्रदूषण और उसकी रोकथाम

(iii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iv) कम्प्यूटर के लाभ–हानि

(v) स्वच्छ–भारत, स्वस्थ–भारत

(ब) किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए– (3)

(i) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(ii) बालिका शिक्षा

(iii) जीवन में खेलों का महत्व



https://www.evidyarthi.in/